# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(अष्टम् सत्र)**

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न**

## वीरवार, 19 मार्च, 2015/28 फाल्गुन, 1936 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 14**

----

### दोषी के विरूद्ध कार्रवाई

**780 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि भटियात विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत पंचायत भवन हटली के निर्माण में अनियमितता पाई गई; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा दोषियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

### Allocation of Works

**781 Shri Bikram Singh Jaryal (Bhattiyat):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) from 1st January, 2013 to till 15th February, 2015 how many works have been awarded by 'DNIT' under PWD Division Dalhousie in Bhattiyat Constituency; and

(b) details such as name of contractors with address, name of works with estimated cost and time of its completion be given?

----

## सलेटी पत्थरों की खान

782 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत सलेटी पत्थरों की कितनी खानें हैं; विवरण दें; और

(ख) सरकार इन खानों से लाखों रूपये के व्यापार के दृष्टिगत क्या इन्हें लोकहित में पंजीकृत करने का विचार रखती है?

----

## भू-खनन के मामले

783 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में लोगों को खनन के क्या-क्या अधिकार प्राप्त हैं; विवरण दें; और

(ख) यह सत्य है कि खनन माफिया द्वारा अवैध रूप से खनन का कार्य किया जा रहा है; यदि हां, तो सरकार इसे रोकने हेतु क्या- क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

----

## एन0 एच0 पी0 सी0 बैरा सियुल

784 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने NHPC बैरा सियुल को जो भूमि पावर प्रोजैक्ट निर्माण के लिए अनुबन्ध पर 40 वर्षों के लिए दी थी, का अनुबन्ध खत्म हो चुका है; और

ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस भूमि को जनहित में वापिस लेने का विचार रखती है ?

----

## फायर स्टेशन मनाली

785 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि फायर स्टेशन मनाली हेतु नए भवन का निर्माण किया जा रहा है; यदि हां, तो इस पर कितना व्यय किया जाएगा व इसमें क्या-क्या सुविधाएं होंगी तथा कब तक बन कर तैयार होगा; और

(ख) निर्माण कार्य पूरा होने तक क्या सरकार फायर स्टेशन की गाड़ियों, स्टोर, कर्मचारियों व कार्यालय के संचालन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने का विचार रखती है ?

----

## सरकार द्वारा अधिसूचना जारी करना

786 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**ः

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार द्वारा ADHPL द्वारा निर्मित प्रीणी से हामटा जवड़ी बैराज साइट तक पर्यटकों एवं स्थानीय जनता के लिए सड़क की अधिसूचना जारी की गई है और किन शर्तों पर ADHPL ने स्वीकृति प्रदान की है;

(ख) यदि हां, तो अधिसूचना की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) सरकार व ADHPL के मध्य हुए पत्राचार की प्रतियां तथा इस सड़क का निरीक्षण किन-किन अधिकारियों ने कब-कब किया; ब्यौरा दें ?

----

## नई योजना

787 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**ः

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में सरकार क्या ADHPL के पावर हाऊस से बिजली बोर्ड के प्रीणी स्थित सब-स्टेशन को जनहित में जोड़ने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब;

(ख) वर्तमान में मनाली मण्डल को बिजली कहां से उपलब्ध करवाई जा रही है और इसमें क्या-क्या कमियां हैं जिसके फलस्वरूप नई योजना प्रस्तावित की जा रही है; और

(ग) वर्तमान में HPSEB, HPTCL, ADHPL की इस सम्बन्ध में कितनी बैठकें कब-कब हुई; ब्यौरा minutes सहित दें ?

----

## अदरक का बीज तैयार करना

788 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)**ः

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सिरमौर जिला की प्रमुख पारम्परिक Cash Crop अदरक थी; यदि हां, तो कौन-कौन से कारण हैं कि किसान अदरक की खेती के बजाए अब टमाटर व अन्य बेमौसमी सब्जी की ओर तीव्रता से बढ़ रहे हैं;

(ख) यह भी सत्य है कि कुछ वर्ष पूर्व कृषि विभाग ने किसानों को बिना रेशे वाला अदरक का बीज असम से लाकर बांटा था और यह प्रयोग असफल रहा और पारम्परिक बीज को बीमारी लग जाने के कारण उन्हें अदरक की खेती में घाटा हो गया; और

(ग) सरकार क्या कृषि विज्ञान केन्द्र धौलाकुंआ में कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों की देख-रेख में उन्नत एवं बीमारी रहित अदरक का बीज तैयार करने के निर्देश देगी; यदि हां, तो कब तक ?

----

## कृषि महाविद्यालय की स्थापना

789 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)**ः

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार क्या कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र बजौरा और धौलाकुंआ जिनके पास पर्याप्त भूमि है, में कृषि महाविद्यालय की स्थापना करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक ?

----

## विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत योजनाएं

790 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला कुल्लू में गत तीन वर्षों में दी गई विधायक प्राथमिकताओं की विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है; इसमें से कितनी योजनाएं FCA Clearance न होने के कारण लम्बित हैं; ब्यौरा दें;

(ख) कौन-कौन सी योजनाओं की FCA Clearance हो चुकी है; विवरण योजनावार दें; और

(ग) इन योजनाओं हेतु किस-किस Funding Agency से धन उपलब्ध करवाया जा रहा है और किस-किस योजना को NABARD के अन्तर्गत डालने का प्रस्ताव है ?

----

## कृषि विपणन बोर्ड में रिक्तियां

791 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)**ः

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) हिमाचल प्रदेश कृषि विपणन बोर्ड व विपणन समितियों में कितने पद सृजित हैं; सृजित पदों का ब्यौरा बोर्ड व कमेटीवार अलग-अलग दें; और

(ख) रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## प्रशिक्षण शिविर

792 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2015 तक हिमाचल प्रदेश राज्य विपणन बोर्ड व विपणन समितियों द्वारा प्रदेश में किसानों के लिए कहां-कहां प्रशिक्षण शिविर लगाए गए और कितने किसानों को प्रशिक्षण दिया गया; और

(ख) इन शिविरों के आयोजन हेतु कितना बजट प्रावधान था और कितना व्यय हुआ; ब्यौरा वर्षवार दें ?

----

## नई गाड़ियों की खरीद

793 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2015 तक प्रदेश में कृषि उत्पाद एवं विपणन समितियों द्वारा कौन-कौन सी व कितनी नई गाड़ियां खरीदी गई; इन पर कितना व्यय किया गया; ब्यौरा दें;

(ख) प्रत्येक APMC को प्रति महीने कितने किलोमीटर गाड़ी चलाने के लिए अधिकृत किया है और इस अवधि में गाड़ियों ने प्रत्येक महीने में कितने-कितने किलोमीटर सफर किया है; ब्यौरा समितिवार दें; और

(ग) इस अवधि में प्रदेश के सभी APMC कार्यालयों में Renovation पर कितना-कितना खर्च किया गया; ब्यौरा विपणन समितिवार दें ?

----

**शिमला : 171004 .** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांकः 3 मार्च, 2015.** **सचिव ।**